# प्रसार भारती
# आकाशवाणी केन्द्र शिमला
## 13.03.2026/प्रादेशिक समाचार/19.45बजे

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त की जारी– 18 हजार 6 सौ 40 करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों के खातों में हस्तांतरित।
- प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र ने मंजूर की 2 सौ 88 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश में मई के महीने में एक साथ होंगे पंचायत चुनाव।
- केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला का दीक्षांत समारोह कल–उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन होंगे मुख्य अतिथि।
- मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने कहा– प्रदेश में पैट्रोल, डीजल व एलपीजी की कोई कमी नहीं, जमाखोरी रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू।

## पीएम किसान निधि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम के गुवाहाटी से देशभर के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त जारी की। इसके तहत देश के 9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसानों के खातों में 18 हजार 6 सौ 40 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एक क्लिक के माध्यम से सीधे हस्तांतरित की गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसान सम्मान निधि योजना दुनिया की सबसे बड़ी ऐसी योजना है जिसके माध्यम से करोड़ों किसानों को लाभ मिल रहा है।

## गृह मंत्रालय–केंद्रीय सहायता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में गठित एक उच्चस्तरीय समिति ने पिछले वर्ष अचानक आई बाढ़ और बादल फटने से प्रभावित हिमाचल प्रदेश सहित देश के 6 राज्यों के लिए एक हजार नौ सौ बारह करोड़ रुपये से अधिक की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। गृह मंत्रालय ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के लिए 2 सौ 88 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। गृह मंत्रालय ने बताया कि यह अतिरिक्त सहायता केंद्र द्वारा राज्यों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष–एसडीआरएफ में जारी की गई उन धनराशि के अतिरिक्त है जो पहले से ही राज्यों के पास उपलब्ध है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए 2 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे और पेयजल को आधुनिक तकनीक से साफ किया जाएगा। उन्होंने आज ऊना ज़िले के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में लगभग 15 करोड़ रुपये की तुरकाल पंगा पेयजल योजना का शिलान्यास किया। इससे क्षेत्र की 10 हजार से अधिक आबादी को लाभ होगा। बंगाणा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बंगाणा में डी.एस.पी. कार्यालय व सब–जज कोर्ट खोलने का ऐलान किया। पत्रकारों से बातचीत में सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पूरे प्रदेश में मई महीने में एक साथ पंचायत चुनाव करवाए जाएंगे।

एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल सरकार ने पंजाब के लोगों पर कोई अतिरिक्त प्रवेश शुल्क नहीं लगाया है और ये व्यवस्था पिछले 30 वर्षों से चल रही है, जो देश के सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू हैं। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पंजाब के वित्त मंत्री के ब्यान पर भी नाराजगी जताई।

## हर्ष महाजन

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि हिमाचल में कई महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं पर कार्य जारी है और इस पर हजारों करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। राज्यसभा में सांसद हर्ष महाजन द्वारा पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने बताया कि चंडीगढ़–बद्दी 33 किलोमीटर नई रेल लाईन परियोजना को एक हजार 5 सौ 40 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी गई है, जिसमें हिमाचल व केंद्र सरकार की लागत साझेदारी 50–50 प्रतिशत है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भानुपल्ली–बिलासपुर– बैरी रेल लाईन परियोजन को लागत साझेदारी आधार पर मंजूरी दी गई है।

## दीक्षांत समारोह

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन कल केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति सतप्रकाश बंसल ने बताया कि राज्यपाल कविंद्र गुप्ता और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित अन्य गणमान्य लोग समारोह में भाग लेंगे। इस दौरान 12 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 5 सौ 24 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी।

## मुख्य सचिव

मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने कहा है कि प्रदेश में पैट्रोल डीजल व एल.पी.जी. की पर्याप्त मात्रा है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आज शिमला में बताया कि प्रदेश में रसोई गैस और व्यवसायिक सिलेंडरों की भी कोई कमी नहीं है और राज्य सरकार ने इसके लिए नागरिक आपूर्ति के तहत स्टॉक जारी किया है। मुख्य सचिव ने बताया कि एल.पी.जी. की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू किया है।

## शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि जनसमस्याओं का समयबद्ध निवारण राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इस दिशा में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने आज सोलन ज़िले के कंडाघाट उपमंडल की जधाणा पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकांश का मौके पर ही निपटारा किया। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में तेजी से सुधार हो रहा है और सभी मैडिकल कॉलेजों में रोबोटिक सर्जरी शुरू करने के साथ आधुनिक एम.आर.आई. जैसे उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं।

## राजीव भारद्वाज

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि हिमाचल में 26 केंद्रीय विद्यालय संचालित हैं और 6 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने की योजना है। उन्होंने लोकसभा में सांसद राजीव भारद्वाज द्वारा पूछे गए सवाल पर ये जानकारी दी। राजीव भारद्वाज द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को लेकर पूछे गए एक अन्य सवाल पर केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने बताया कि योजना के चार चरणों में हिमाचल में कुल 26 हजार 5 सौ 5 किलोमीटर लम्बी सड़कें और एक सौ 47 पुल स्वीकृत किए गए हैं।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त की जारी– 18 हजार 6 सौ 40 करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों के खातों में हस्तांतरित।
- प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र ने मंजूर की 2 सौ 88 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश में मई के महीने में एक साथ होंगे पंचायत चुनाव।
- केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला का दीक्षांत समारोह कल–उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन होंगे मुख्य अतिथि।

- मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने कहा– प्रदेश में पैट्रोल, डीजल व एलपीजी की कोई कमी नहीं, जमाखोरी रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू।

———————————